<u>अपील डिक्री / टी.ए. / 5465 / 2005 / सवाई माधोपुर</u>
जगन्नाथ बनाम कन्हैया

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
09-4-2018 Board of Revenue For Rajasthan Ajmer सत्यमेव जयते Web Copy - Not Official	**<u>खण्ड-पीठ</u>** **श्री विजय कुमार सोनी, सदस्य** **श्री मोहन लाल नेहरा, सदस्य** **<u>उपस्थिति :</u>** **श्री यज्ञदत्त शर्मा, अभिभाषक प्रार्थी** **<u>निर्णय</u>** यह प्रार्थना अर्न्तगत धारा-151-152 सी.पी.सी. इस आशय का प्रस्तुत किया गया है कि अपील संख्या-43/95/टी.ए./सवाई माधोपुर, शीर्षक जगन्नाथ बनाम कन्हैया के निर्णय दिनांक 30-10-1998 के पैरा संख्या-2 की पांचवी लाईन में खसरा नम्बर-349 के स्थान पर 346 अंकित कर दिया गया है। यह एक लिपिकीय त्रुटि है, जिसे दुरूस्त किया जाना आवश्यक है। विद्वान अभिभाषक अपीलान्ट को धारा-151-152 सी.पी.सी. पर सुना गया। अपील संख्या-43/95/टी.ए./सवाई माधोपुर शीर्षक जगन्नाथ बनाम कन्हैया, राजस्व अपील अधिकारी, सवाई माधोपुर द्वारा अपील संख्या-35/94 में पारित निर्णय दिनांक 9-8-1995 के विरूद्ध प्रस्तुत की गयी है। विद्वान अपील अधिकारी ने अपने निर्णय दिनांक 9-8-1995 के द्वारा खसरा नम्बर-345-347 व 349 की भूमि पर अपीलान्ट / वर्तमान रेस्पोन्डेन्ट को खातेदारी अधिकार प्रदत्त किये हैं। विद्वान राजस्व अपील अधिकारी, सवाई माधोपुर के निर्णय दिनांक 9-8-1995 के विरूद्ध अपील संख्या- 43/95 इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गयी है। अपील के पैरा संख्या-2 में खसरा नम्बर-345-349 व 347 का अंकन किया गया है, परन्तु लिपिकीय त्रुटि के कारण निर्णय दिनांक 30-10-1998 के पैरा संख्या-2 की पांचवी लाईन में खसरा नम्बर-349 के स्थान पर 346 टंकित हो गया है। यह लिपिकीय त्रुटि है, जिसे दुरूस्त किया जाना आवश्यक	

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	तथा न्यायसंगत है। फलस्वरूप यह प्रार्थना पत्र धारा-151-152 सी.पी. सी. स्वीकार किया जाकर अपील संख्या-43/95 के निर्णय दिनांक 30-10-1998 के पैरा संख्या-2 की पांचवी लाईन में खसरा नम्बर-346 के स्थान पर 349 दुरूस्त किया जाता है। यह संशोधन निर्णय दिनांक 30-10-1998 का भाग रहेगा। निर्णय खुले न्यायालय में सुना गया। **(मोहन लाल नेहरा)** **(विजय कुमार सोनी)** **सदस्य** **सदस्य**	

अपील डिक्री / टी.ए. / 5465 / 2005 / सवाई माधोपुर
जगन्नाथ बनाम कन्हैया

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	3	